बिजनेस न्यूज

एक्सिस मैक्स लाइफ ने टाटा डिजिटल ग्रुप की कंपनी के साथ की साझेदारी

भोपाल। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड जिसे पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने टाटा डिजिटल की सब्सिडियरी टाटा फिनटेक के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत टाटा न्यू पर लाइफ इंश्योरेंस सॉल्युशंस का पोर्टफोलियो प्रदर्शित किया जाएगा। टाटा न्यू भारत का ओमनीचैनल लॉयल्टी एवं फाइनेंशियल सर्विसेज एप है। एक्सिस मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ सुमित मदान ने कहा, टाटा डिजिटल के साथ हमारी साझेदारी लाखों भारतीयों के लिए लाइफ इंश्योरेंस को ज्यादा सुगम, प्रासंगिक और समझने में आसान बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। यह साझेदारी डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाने के हमारे विजन को आगे बढ़ाती है। टाटा डिजिटल ग्रुप के सीईओ साजित शिवनंदन ने कहा, टाटा न्यू मेंहम अपने ग्राहकों के लिए भरोसेमंद फाइनेंशियल सॉल्युशंस को ज्यादा आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डॉ. मोहन यादव ने आधुनिक एनीमिया विज्ञान :समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण पुस्तक का विमोचन किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं लेखक डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा लिखित पुस्तक आधुनिक एनीमिया विज्ञान : समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विमोचन किया। विमोचन के बाद मुख्यमंत्री ने पुस्तक का अवलोकन किया और एनीमिया जैसे महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य विषय पर डॉ. द्विवेदी के लेखन एवं जागरूकता संबंधी प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पुस्तक के सह-लेखक डॉ. अथर्व द्विवेदी भी मौजूद रहे। पुस्तक में डॉ. अथर्व द्विवेदी के साथ अन्य सह-लेखकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. ए.के. द्विवेदी लंबे समय से एनीमिया के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न अभियानों, स्वास्थ्य शिविरों, हीमोग्लोबिन जांच, पोषण जागरूकता कार्यक्रमों और व्याख्यानों के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि एनीमिया को केवल हीमोग्लोबिन की कमी के रूप में न देखा जाए।

भारत की अग्रणी कृषि रसायन कं. पारिजात इंडस्ट्रीज ने लॉन्च किया डबल-एक्शन हर्बीसाइड कॉन्टेक्स्ट

भोपाल। भारत की अग्रणी कृषि रसायन कंपनी पारिजात इंडस्ट्रीज, जो अपनी मल्टीनेशनल मौजूदगी को लगातार बढ़ा रही है, ने गेहूं में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के प्रभावी प्रबंधन के लिए फ्लूरोक्सीपायर और मेट्रिब्यूजिन से बना पोस्ट-एमर्जेन्ट हर्बीसाइड कॉन्टेक्स्ट लॉन्च किया है। पेटेंट टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म और दो पूरक क्रियाविधियों के संयोजन से युक्त, कॉन्टेक्स्ट को खरपतवार प्रबंधन की उभरती चुनौतियों का समाधान करने और गेहूं की खेती में प्रभावी खरपतवार नियंत्रण में सहायता करने के लिए डिजाइन किया गया है। रबी 2026 सीजन के लिए लॉन्च किया गया, कॉन्टेक्स्ट गेहूं उत्पादन करने वाले मुख्य बाजारों, विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान, आदि की जरूरतों को पूरा करेगा। यह लॉन्च खेत की जरूरत के अनुसार व्यवहारिक एवं इनोवेटिव फसल सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराने की पारिजात इंडस्ट्रीज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारिजात इंडस्ट्रीज में डोमेस्टिक बिजनेस के सीईओ उदयराज आनंद ने कहा इनोवेशन तभी ज्यादा कारगर होता है, जब वह किसानों की वास्तविक चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम हो।

एक्सिस बैंक ने वीजा के साथ मिलकर दिल से ओपन सेलिब्रेशन 2026 अभियान शुरू किया

भोपाल। एक्सिस बैंक ने वीजा के साथ मिलकर आज अपने दिल से ओपन सेलिब्रेशंस 2026 अभियान की शुरुआत की। इसका मुख्य संदेश है- इस फेस्टिव सीजन, हर खुशी को बनाओ बड़ी। यह अभियान इस सोच पर आधारित है कि त्योहारों के दौरान हमारे लिए खास मायने रखने वाले लोगों की खुशियों को और बढ़ाया जाए। इस अभियान की कहानी में शाहिद कपूर और एक छोटी बच्ची को दिखाया गया है, जिसमे बच्ची के पास एक जादुई गुड़ियाघर है, जो उसकी इच्छाओं को हकीकत में बदल देता है। शाहिद कपूर अपने एक्सिस बैंक वीजा क्रेडिट कार्ड की मदद से इन बदलावों को संभव बनाते हैं। एक्सिस बैंक में कार्ड, भुगतान और वेल्थ मैनेजमेंट की ग्रुप हेड अर्निका दीक्षित ने कहा, ग्राहक अब अपने कार्ड से ऐसे लाभ चाहते हैं, जो उनकी खरीदारी की जरूरतों और खर्च करने के तरीकों के अनुरूप हों। हमारा उद्देश्य त्योहारों की खरीदारी और पहले से तय बड़ी खरीदारी को अधिक लाभदायक बनाना है।

एक्सिस बैंक और आईआईएम बैंगलोर ने की साझेदारी

भोपाल। एक्सिस बैंक और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बैंगलोर (आईआईएमबी) ने एक्सिस बैंक सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस सेंटर की स्थापना आईआईएमबी के नए कैंपस - बेंगलुरु के जिगानी में स्थित आईआईएमबी - दोराबजी टाटा स्कूल ऑफ अंडरग्रेजुएट स्टडीज में की जाएगी। इस एमओयू पर मुंबई के वर्ली स्थित एक्सिस हाउस में हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर आईआईएम बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन, डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी; एक्सिस बैंक के एमडी एवं सीईओ अमिताभ चौधरी; आईआईएम बैंगलोर के डायरेक्टर-इन-चार्ज, प्रो. यू. दिनेश कुमार; और एक्सिस बैंक के गुरुप हेड, विजय मुलबागल भी उपस्थित रहे। इस साझेदारी के तहत, नए कैंपस के पहले चरण में इंटीग्रेटेड एकेडमिक एंड एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के भीतर एक्सिस बैंक सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स के निर्माण और संचालन में सहयोग करेगा।

एआई+ स्मार्टफोन 15 नवंबर से होंगे महँगे

भोपाल। एआई+ स्मार्टफोन ने 15 नवंबर, 2026 से अपने पोर्टफोलियो के चुनिंदा मॉडल्स की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। खासकर कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में लागत का दबाव लगातार बना हुआ है। एआई+ स्मार्टफोन अब तक इस दबाव के असर का आकलन करते हुए ग्राहकों के लिए फोन की कीमतें किफायती बनाए रखने की कोशिश करता रहा है। हालाँकि, बढ़ती लागत के चलते कंपनी ने कीमतों में एक बार फिर सीमित बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। कीमतों में 3,000 रुपए तक की बढ़ोतरी होने वाली है। नई कीमतों के तहत एआई+ पल्स 2 एफई, पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी के चुनिंदा वैरिएंट्स 1,000 से 3,000 रुपए तक महँगे होंगे। वहीं, एआई+ नोवाफ्लिप 5जी की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा।

बिजली और गैस आपूर्ति में तेजी से औद्योगिक गतिविधियों को मिला मजबूत सहारा

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार घटी, विकास दर बढ़कर 6.7% पर पहुंची

अगस्त के 8 प्रतिशत के मुकाबले विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर, खनन गतिविधियों में भी सुस्ती

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

देश की औद्योगिक गतिविधियों की रफ्तार सितंबर 2026 में कुछ धीमी पड़ गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर अगस्त के 8प्रतिशत से घटकर सितंबर में 6.7प्रतिशत रह गई। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन को इस गिरावट की प्रमुख वजह माना जा रहा है। हालांकि, बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र में मजबूत वृद्धि ने कुल औद्योगिक उत्पादन को सहारा दिया।



बिजली और गैस आपूर्ति ने संभाली स्थिति

विनिर्माण और खनन क्षेत्रों में नरमी के बीच बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर रहा। सितंबर में इस क्षेत्र ने 11.2प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस तेजी ने औद्योगिक उत्पादन की कुल वृद्धि दर को मजबूत बनाए रखने में मदद की। बिजली और गैस आपूर्ति में विस्तार को औद्योगिक गतिविधियों और बुनियादी ढांचे से जुड़ी मांग के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

विनिर्माण क्षेत्र की गति में कमी

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 7.6प्रतिशत रही, जबकि अगस्त में यह 8.6प्रतिशत दर्ज की गई थी। इस तरह एक महीने के भीतर इस क्षेत्र की विकास दर में 1 प्रतिशत अंक की गिरावट आई। औद्योगिक उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र की अहम हिस्सेदारी होने के कारण इसकी रफ्तार में कमी का असर समग्र आईआईपी वृद्धि पर भी पड़ा। खनन क्षेत्र में भी अपेक्षाकृत सुस्ती देखने को मिली।

नई आधार वर्ष श्रृंखला के तहत आंकड़े

सितंबर के ये आंकड़े औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की नई श्रृंखला के तहत जारी किए गए हैं, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हुई। इस श्रृंखला के लिए आधार वर्ष 2022-23 निर्धारित किया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों की स्थिति का अधिक व्यापक और सटीक आकलन करना है। इसी श्रृंखला के तहत अगस्त में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 8प्रतिशत रही थी, लेकिन सितंबर में इसमें नरमी दर्ज की गई।

आगे औद्योगिक विकास पर रहेगी नजर

अर्थशास्त्रियों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में उतार-चढ़ाव के पीछे वैश्विक मांग में संभावित कमजोरी और कुछ क्षेत्रों में निवेश गतिविधियों की धीमी गति जैसे कारक हो सकते हैं। हालांकि, सितंबर में बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र की 11.2प्रतिशत वृद्धि से औद्योगिक गतिविधियों को मिल रहे समर्थन का संकेत मिलता है। आने वाले महीनों में विनिर्माण और खनन क्षेत्रों का प्रदर्शन महत्वपूर्ण रहेगा। इन क्षेत्रों में सुधार से औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर को स्थिर रखने में मदद मिल सकती है।

---

353 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी में 50.90 अंकों की गिरावट

रिलायंस और इन्फोसिस को भारी नुकसान



● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट जारी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 352.64 अंक टूटकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 50.90 अंक गिरकर 22,698.85 अंक पर आ गया। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार में नरमी रही थी। हालांकि, बैंकिंग शेयरों में खरीदारी से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार को कुछ सहारा मिला, लेकिन प्रमुख सूचकांक बढ़त हासिल नहीं कर सके। सेंसेक्स 73,253.44 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 73,525.44 अंक का ऊपरी और 72,603.57 अंक का निचला स्तर छुआ।

बैंकिंग शेयरों में खरीदारी, आईटी में दबाव

क्षेत्रवार कारोबार में बीएसई बैंकएक्स 292.88 अंक यानी 0.48% बढ़कर 61,006.33 अंक पर पहुंच गया। इसके विपरीत, बीएसई आईटी सूचकांक 572.13 अंक यानी 1.49% गिरकर 37,803.99 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 9 बढ़त और 21 गिरावट के साथ बंद हुए। बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो 3.68%, ट्रेंट 2.79प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 1.23%, एक्सिस बैंक 1.14प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.87प्रतिशत और बजाज फाइनेंस 0.47% चढ़े। मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में भी बढ़त रही। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 3.46%, इन्फोसिस 3.34%, टेक महिंद्रा 1.83% और टीसीएस 1.68% गिर गए। आईटी शेयरों में कमजोरी ने बाजार पर दबाव बढ़ाया।

अडानी एंटरप्राइजेज का दूसरी तिमाही में राजस्व बढ़कर 37216 करोड़ हुआ, मुनाफा 55% घटा

असाधारण लाभ का असर, कुल व्यय में 71% से अधिक वृद्धि

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के नतीजों में आय और मुनाफे के विपरीत रुझान सामने आए हैं। जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 75प्रतिशत बढ़कर 37,216 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, पिछले साल की समान अवधि में मिले असाधारण लाभ के प्रभाव के कारण समेकित शुद्ध मुनाफा 55प्रतिशत घटकर 1,492 करोड़ रुपये रह गया।



पिछले साल का ऊंचा आधार बना वजह

कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3,304 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। उस दौरान उसे 3,583 करोड़ रुपये का असाधारण लाभ हुआ था, जिससे तुलनात्मक आधार काफी ऊंचा हो गया।

टीवीएस की कमाई में शानदार बढ़ोतरी, 52 प्रतिशत उछला

नई दिल्ली (आरएनएन)। दोपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के स्टैंडअलोन वित्तीय नतीजे जारी किए हैं। जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान कंपनी के मुनाफे, राजस्व और परिचालन लाभ में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने प्रमुख वित्तीय मानकों पर बाजार के अनुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही निदेशक मंडल ने एसटीपीएल ट्रेडिंग एंड सर्विसेज के 530 करोड़ रुपये में अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

पीएलआई योजना के लिए एक नवंबर से नए ओवदन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कपड़ा मंत्रालय टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चौथे चक्र में नये आवेदन स्वीकार करने के लिए 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक योजना का पोर्टल फिर से खोलने जा रहा है। यह जानकारी बुधवार को कपड़ा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में दी। इस पहल का उद्देश्य मानव निर्मित फाइबर से बने परिधानों, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्रों के विनिर्माण को बढ़ावा देना, घरेलू विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करना, निवेश आकर्षित करना, रोजगार सृजित करना और वैश्विक टेक्सटाइल वैल्यू चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करना है। योजना के तहत अधिक से अधिक कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इसमें कुछ महत्वपूर्ण संशोधन भी किए गए हैं।

कार्यालय नगर निगम, भोपाल

यांत्रिक विभाग, जोन क्र. 03

क्र. 203/यां.वि./2026-27 भोपाल दिनांक 28/10/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर.	कार्य की अवधि
1	2026_UAD_545920_1	Providing and Fixing of Playing Equipment and Open Gym Equipment at ganesh nagar, prem nagar, nagar nigam colony, LIG Ground, infront of Corporator office, Saraswati and in shree nagar colony at Nariyal Kheda ward 12 zone 03	14,88,670	11,165	2,000	MPUADD Road WORK ISSR 2025	60 दिवस

1- Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in
2- The Bid Documents can be purchased only online from 10:30 AM 29/10/2026 to 17:30 P.M 27/11/2026
3- Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in Only, and not in newspaper.
The initial period of 5 Years for B.T/C.C road and 3 Years for Drain/Bulding after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

सहायक यंत्री
जोन क्रमांक-03
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. 951/026/027

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
जोसफ राफेल सलवाडोर, सिमोन सलवाडोर, जमेश सलवाडोर, सलीना सलवाडोर, स्व. श्री जॉन सलवाडोर जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती जेकिसा सलवाडोर, श्री जेक, कुमारी एंजेल, स्व. श्रीमती स्वर्था सलवाडोर जरिए उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री सिमोन सलवाडोर, श्री जमेश सलवाडोर खाता सं. 161204300416775	21 अप्रैल 2026 ₹ 1059948/- 7 अप्रैल 2026	प्लॉट नं. 6 व 7, सर्वे नं. 152/1/2 का भाग, पीएच नं. 21, वार्ड नं. 74, गांव करारिया, तहसील हुजुर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश 462010 **क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट**	भौतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026
सीता राम, राजकुमारी राजकुमारी खाता सं. 221230702704711	7 मई 2026 ₹ 634267/- 7 मई 2026	पीएच नं. 34, सर्वे नं. 707/मिन-1/मिन-1/1/1, ग्राम अवन तहसील राघोगढ जिला गुना, म.प्र. **क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट**	भौतिक कब्जा दिनांक 27 अक्टूबर 2026

दिनांक : 29-10-2026 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (पूर्व में एयू फाइनेंसियर्स (इण्डिया) लिमिटेड के नाम से ज्ञात) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, की धारा 13 सहपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 12/08/2026 को सन्दर्भ क्रमांक: CB/SAR/13-2/BB/AUG-2026/02, खाता संख्या 2121229834659911 निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी/ सहऋणी /गारंटर/ बंधककर्ता मैसर्स एस एन एग्रो जरिए प्रोपराइटर श्री नील सिंह (ऋणी), श्री सुरेन्द्र सिंह चंदेल पुत्र श्री प्रताप सिंह चंदेल (बंधककर्ता), श्रीमती प्रिया थारवानी श्री विक्रम थारवानी (सहऋणी/बंधककर्ता) से नोटिस में ऋण खाता संख्या 2121229834659911 में राशि रूपये 36,11,707/- (छत्तीस लाख ग्यारह हजार सात सौ सात रूपये मात्र) 12.08.2026 तक (मूल राशि, ब्याज की राशि, शुल्क, अन्य खर्चे मिलाकर) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतसिमन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक **27 अक्टूबर वर्ष 2026** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार नोटिस में ऋण खाता संख्या 2121229834659911 में राशि रूपये 37,41,864/- (सैंतीस लाख इकतालीस हजार आठ सौ चौंसठ रूपये मात्र) 21.10.2026 तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग कॉमर्शियल संपत्ति स्थित, खसरा नं. 244/8, सेटलमेंट नं. 465, पीएच नं. 57, जनपद पंचायत बेतूल, विकास खंड बेतूल, आरएनएम बेतूल, मौजा बडोरा, तहसील एवं जिला बेतूल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट, जो कि श्री सुरेन्द्र सिंह चंदेल के स्वामित्व में है। सेल डीड नं. 1811, दिनांक 12 अगस्त 1996

सीमाएं :- पूर्वः अन्य भूमि, पश्चिमः मेन रोड, उत्तरः अब्दुल राशिद की संपत्ति, दक्षिणः ज्ञानशंकर वर्मा की संपत्ति मकान।

दिनांक : 27.10.2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : बेतूल, मप्र एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग निर्माण शाखा
खुली निविदा

मुख्य अभियंत (क्रय)/मुख्या पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु CPCWCR-13-2026 Dated: 23.10.2026 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 20/11/2026 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल /संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नही होंगी तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा कमांक:** CPCWCR-13-2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** इटारसी–बीना चौथी लाइन परियोजना के संबंध में, कल्हार – इटारसी खंड में S&T केबलों और बिजली लाइनों को स्थानांतरित करने, तथा एंड केबिन, स्टेशन भवनों, फुट ओवर ब्रिज (FOB) और इनसे जुड़े अन्य कार्यों का निर्माण, **निविदा का अनुमानित मूल्य** : रु. 975690453.80, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये)** : रु.0.00, **बयाना राशि (रुपयें मे):** रु19513900.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 12 माह, **ई–निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनाक 20/11/2026 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकार्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय – समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा। (हस्ता.)

उप–मुख्य इंजीनियर (क्रय)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड

SMFG IndiaCredit

कॉर्पोरेट कार्यालय: 11वां तल, सी विंग, एमैसी 247, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, गांधी नगर, विक्रोली (वेस्ट) मुंबई, महाराष्ट्र–400083.

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट)** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। अधोहस्ताक्षरी का यह मानना है कि उधारकर्ता/उधारकर्ता मांग सूचना/सूचनाओं की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार सूचना की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग सूचना/सूचनाओं की विषय-वस्तु नीचे दी गई है।

ऋणी(यों) का नाम	मांग सूचना तिथि और राशि
1. मनीष किराना एंड जनरल स्टोर 2. प्रिया मनीष 3. मनीष माहेश्वरी ऋण खाता सं. – 213020911858823	08–10–2026 रु. 24,69,272.62/– (रूपये चौबीस लाख उनहत्तर हजार दो सौ बहत्तर रुपये और बांसठ पैसे मात्र) दिनांक 05–10–2026 तक

बंधक रखी गई अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति के मालिक: मनीष माहेश्वरी और प्रिया माहेश्वरी, संपत्ति मकान नं. 216, पीएच नं. 24, ग्राम रुनाहा, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल 1950 वर्ग फीट। सीमाएं: पूर्व: मुकेश गौर का मकान, पश्चिम: गली, उत्तर: मुख्य सड़क, दक्षिण: प्रमुलाल गौर की जगह

उधारकर्ताओं को एतद् द्वारा सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का अनुपालन करें और इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उसमें और ऊपर उल्लिखित मांग राशि का भुगतान लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और भुगतान प्राप्ति की तिथि तक के व्यय सहित करें। उधारकर्ताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकर्ताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा, उधारकर्ताओं द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है।

यदि उधारकर्ता निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति(संपत्तियों) पर कब्जा लेने के सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करके उसे हस्तांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित संपत्ति(यों) को कुर्क और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री के बाद, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, अगर गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को देय बकाया राशि